Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 09 दिसंबर, 2023

क्षयरोग देखभाल में प्रगति

वर्ष 2023 में फेफड़ों के स्वास्थ्य पर केंद्रीय विश्व सम्मेलन में दवा-प्रतिरोधी तपेदिक (TB) के इलाज की अवधि को दो-तिहाई तक कम करने में संभावित चार नई, उन्नत चिकित्सा पद्धतियों की शुरुआत की गई है, यह टीबी के विरुद्ध वैश्विक प्रयासों एवं लड़ाई में एक उत्साहजनक प्रयास साबित हो सकता है।

- उपचार की दीर्घ अवधि एवं बाद में होने वाली औषधि विषाक्तता के कारण कई मरीज़ इसके **प्रभाव को सहन करने तथा उपचार का उचित अनुपालन में असमर्थ हो** जाते हैं। इससे अंततः दवा प्रतिरोधी टीबी की स्थिति उत्पन्न होती है।
- अधिक प्रभावी उपचार प्रदान करने के मिशन के साथ नवीन, उन्नत चिकित्सा पद्धतियाँ पारंपरिक उपचारों के समान प्रभावकारिता और सुरक्षा प्रदर्शित करती हैं किंतु ये उपचार के समय को काफी कम कर देते हैं।
- टीबी एक संक्रामक रोग है जो अधिकाँश मामलों में फेफड़ों को प्रभावित करता है और यह बैक्टीरिया- **माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस** के कारण होता है। यह संक्रमण संक्रमित लोगों के खाँसने, छींकने अथवा थूकने पर हवा के माध्यम से फैलाता है।
  - WHO के अनुसार, मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टीबी (MDR-TB) सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये खतरा बना हुआ है। वर्ष 2022 में दवा प्रतिरोधी टीबी से पीड़ित केवल 5 में से 2 लोगों को ही इलाज प्राप्त हो सका।

हानुका

हानुका (Hanukkah), जिसे **प्रकाश का त्योहार** या **चानूका** भी कहा जाता है, 7 दिसंबर, 2023 को सूर्यास्त के बाद मनाया गया।

- यह **आठ दिवसीय यहूदी अवकाश** है जो **दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व** के दौरान यरूशलम में दूसरे मंदिर के पुनर्समर्पण की याद दिलाता है।
  - यह त्योहार **यहूदी महीने किसलेव के 25वें दिन** से शुरू होता है और आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार नवंबर के अंत से दिसंबर के अंत तक चलता है।
- हानुका पर्व **तेल की थोड़ी सी मात्रा के चमत्कार (प्रकाश) के जश्न** का प्रतीक है, जिससे **मैकाबीन विद्रोह** के समय केवल एक दिन के लिये ही पर्याप्त तेल के बावजूद **मंदिर का मेनोराह (कैंडेलब्रम) आठ दिनों तक प्रकाशित होता रहा।**
  - **हानुका मेनोराह** एक नौ शाखाओं वाला कैंडेलब्रम है जिसे **हानुका के आठ दिवसीय अवकाश** के दौरान जलाया जाता है।

//

तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय

हाल ही में **तेलंगाना में** एक **केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय** स्थापित करने हेतु विधेयक लोकसभा द्वारा पारित किया गया था। यह विधान,आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की बाध्यता का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय के लिये ₹889.7 करोड़ निर्धारित करता है।

- यह विधेयक, केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करता है तथा नए विश्वविद्यालय को **सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय** कहा जाएगा। इसे तेलंगाना के **मुलुगु ज़िले** में स्थापित किया जाएगा।
- **जनजातीय कला, संस्कृति, प्रौद्योगिकी एवं पारंपरिक ज्ञान** पर विश्वविद्यालय का ध्यान अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों के समान कार्य करते हुए शिक्षा, अनुसंधान व विकास को बढ़ावा देना है।

इथेनॉल हेतु गन्ने के रस के उपयोग पर प्रतिबंध

वर्ष 2023-24 आपूर्ति वर्ष में इथेनॉल उत्पादन के लिये **गन्ने के रस** और चीनी सिरप के उपयोग पर केंद्र के हालिया प्रतिबंध का उद्देश्य घरेलू खपत हेतु पर्याप्त चीनी उपलब्धता बनाए रखना तथा कीमतों को स्थिर करना है। हालाँकि सरकार ने इथेनॉल उत्पादन के लिये बी-शीरे (B-Molasses) के उपयोग की अनुमति दी है।

- इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन **(Indian Sugar Mills Association- ISMA)** ने वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष के लिये सकल चीनी उत्पादन में 9% की कमी का अनुमान लगाया है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है।
- चीनी सीज़न (अक्तूबर-सितंबर) 2021-22 में **भारत विश्व में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता** के साथ-साथ **ब्राज़ील के बाद विश्व के दूसरे सबसे बड़े निर्यातक के रूप में उभरा है।**

और पढ़ें... चीनी उद्योग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-09-december,-2023